नस्लवाद विरोधी पहलों के लिए सहभागिता – वेबसाइट सामग्री

नस्लवाद विरोधी पहलों का अवलोकन

यह सहभागिता किस बारे में है?

बी.सी. प्रणालीगत नस्लवाद, घृणा और भेदभाव से निपटने के लिए, और पुलिस, स्वास्थ्य देखभाल और शिक्षा जैसे क्षेत्रों का आधुनिकीकरण करने के लिए नस्लवाद विरोधी डेटा कानून के साथ नस्ल, त्वचा के रंग या आस्था की परवाह किए बिना प्रांत को अधिक न्यायसंगत, समावेशी और सभी के लिए स्वागत योग्य बनाने के लिए एक प्रमुख जनादेश पहल की शुरुआत कर रहा है।

प्रीमियर जॉन होर्गन ने नस्लवाद विरोधी पहल की संसदीय सचिव रचना सिंह को यह करके भेदभाव को दूर करने और बी.सी. को सभी के लिए एक अधिक न्यायसंगत, समावेशी और स्वागत करने वाला प्रांत बनाने के लिए अधिदेश दिया है:

- बीसी के नए मानवाधिकार कमिश्नर, इंडिजिनस नेतृत्व और हितधारकों के साथ काम करते हुए ऐसे कानून पेश करना जो प्रणालीगत भेदभाव को कम करने में मदद करेंगे और पुलिसिंग, स्वास्थ्य देखभाल और शिक्षा जैसे क्षेत्रों के आधुनिकीकरण के लिए आवश्यक नस्लवाद विरोधी डेटा कानून का मार्ग प्रशस्त करेंगे।

नस्लवाद विरोधी डेटा कानून

नस्लवाद विरोधी डेटा संग्रह बेहतर ढंग से पहचान करने के बारे में है कहाँ अंतर और बाधाएं कहाँ मौजूद हैं, ताकि हम समुदायों के लिए बेहतर सेवाएं प्रदान कर सकें।

इस सहभागिता के बारे में और जानें

संबंधित पहलें

अफ्रीकी मूल के लोगों के लिए अंतर्राष्ट्रीय दशक (International Decade for People of African Descent (IDPAD)

ब्रिटिश कोलंबिया की सरकार अश्वेत नस्लवाद से लड़ने और अफ्रीकी मूल के लोगों के लिए अंतर्राष्ट्रीय दशक को घोषित करने के लिए प्रतिबद्ध है। उद्घोषणा का समुदाय के लिए ठोस समाधानों के साथ आना अनिवार्य है। IDPAD के बारे में और आप इसमें कैसे शामिल हो सकते हैं के बारे में जानें।

इस सहभागिता के बारे में और जानें

प्रोजेक्ट लीड

रचना सिंह
नस्लवाद विरोधी पहलों की संसदीय सचिव

रचना सिंह मई 2017 में सरी-ग्रीन टिम्बर्स के लिए विधायक के रूप में चुनी गईं और अक्टूबर 2020 में फिर से चुनी गईं। वह नस्लवाद विरोधी पहलों की संसदीय सचिव हैं।

सिंह का युवा परिवार है। उन्होंने ड्रग और अल्कोहल काउंसलर, घरेलू हिंसा का सामना करने वाली महिलाओं के लिए एक सहायक कार्यकर्ता और एक सामुदायिक कार्यकर्ता के रूप में काम किया है।

नस्लवाद विरोधी डेटा कानून

बी.सी. के नस्लवाद विरोधी डेटा कानून को आकार देने में हमारी सहायता करें

सरकारी नीतियों और कार्यक्रमों सहित, प्रणालीगत नस्लवाद हर जगह मौजूद है। इसलिए हमें यह सुनिश्चित करने के लिए बेहतर जानकारी की आवश्यकता है कि प्रत्येक ब्रिटिश कोलंबियाई की सरकारी सेवाओं तक समान रूप से पहुंच हो।

यह सार्वजनिक परामर्श हमें मौजूदा कमियों को बेहतर ढंग से पहचानने और अधिक समावेशी प्रांत बनाने में मदद करेगा।

सहभागिता की समयरेखा: सर्वेक्षण 31 जनवरी, 2022 तक खुला है।

सर्वेक्षण अनुभव करें

हम जानते हैं कि प्रणालीगत नस्लवाद नीतियों और कार्यक्रमों में मौजूद है, और इसका लोगों और समुदायों पर नकारात्मक प्रभाव पड़ता है। यह कानून सुनिश्चित करेगा कि सेवाएं समान रूप से प्रदान की जाएं और समुदायों को अपने लिए बेहतर पक्षसमर्थन करने की अनुमति दें।

यही कारण है कि प्रीमियर जॉन होर्गन ने नस्लवाद विरोधी पहल की संसदीय सचिव रचना सिंह को यह करके भेदभाव को दूर करने और बी.सी. को सभी के लिए एक अधिक न्यायसंगत, समावेशी और स्वागत करने वाला प्रांत बनाने के लिए अधिदेश दिया है:

- बीसी के नए मानवाधिकार कमिश्नर, इंडिजिनस नेतृत्व और हितधारकों के साथ काम करते हुए ऐसे कानून पेश करना जो प्रणालीगत भेदभाव को कम करने में मदद करेंगे और पुलिसिंग, स्वास्थ्य देखभाल और शिक्षा जैसे क्षेत्रों के आधुनिकीकरण के लिए आवश्यक नस्लवाद विरोधी डेटा कानून का मार्ग प्रशस्त करेंगे।

नस्लवाद विरोधी डेटा क़ानून बेहतर ढंग से पहचान करने के बारे में है कहाँ अंतर और बाधाएं कहाँ मौजूद हैं, ताकि हम समुदायों के लिए बेहतर सेवाएं प्रदान कर सकें।

हितधारक और सार्वजनिक सहभागिता का नेतृत्व संसदीय सचिव कर रही हैं और यह 2020 के अंत में जारी दो प्रमुख रिपोर्टों के निष्कर्षों और सिफारिशों पर आधारित होगा:

- इन पलेन साइट (In Plain Sight): बी.सी. हेल्थ केयर में इंडिजिनस-विशिष्ट जातिवाद और भेदभाव को संबोधित करना
- ब्रिटिश कोलंबिया में अलग-अलग जनसांख्यिकीय डेटा संग्रह: द ग्रैंडमदर पर्सपेक्टिव (The grandmother perspective)

अपना अनुभव साझा करें

सरकारी सेवाओं का उपयोग करने वाले लोगों के सामने आने वाली बाधाओं को दूर करने, कमियों की पहचान करने और बेहतर समर्थन देने के लिए हमें अलग-अलग डेटा की आवश्यकता है। डेटा और जानकारी जो बी.सी. में समुदायों के अनुभवों की विविधता को दर्शाती है, हमें एक अधिक समावेशी, न्यायसंगत प्रांत बनाने में मदद करेगी।

सर्वेक्षण अनुभव करें

एक सामुदायिक परामर्श की मेजबानी करें

क्या आप एक संगठन, सामुदायिक समूह या संघ हैं? क्या आपके पास ऐसे सदस्य हैं जिनके पास नस्लवाद विरोधी डेटा कानून पर साझा करने के लिए बहुमूल्य सलाह है? आप अपने स्वयं के परामर्श की मेजबानी के लिए अनुदान प्राप्त करने के पात्र हो सकते हैं।

अधिक जानकारी प्राप्त करें

अगले कदम

सार्वजनिक सहभागिता से प्रतिक्रिया सरकार को कानून और नीतियों को पेश करने और संशोधित करने में मदद करेगी जो प्रत्येक ब्रिटिश कोलंबियाई के लिए एक सुरक्षित, अधिक समावेशी प्रांत बनाने में मदद करेगी। फीडबैक का सारांश इस वेबसाइट पर उपलब्ध होगा।

सहभागिता की समयरेखा

जनादेश

प्रीमियर जॉन होर्गन ने बी.सी. में नस्लीय भेदभाव से निपटने के लिए नस्लवाद विरोधी पहल की संसदीय सचिव रचना सिंह को जनादेश दिया। जनादेश पत्र के भाग के रूप में, सरकार को नया कानून लाना है जो प्रणालीगत भेदभाव को कम करेगा और नस्लवाद विरोधी डेटा कानून का मार्ग प्रशस्त करेगा। यह कानून पुलिसिंग, स्वास्थ्य देखभाल और शिक्षा जैसे क्षेत्रों को आधुनिक बनाने में मदद करेगा।

प्रारंभिक कार्य

मानवाधिकार कमिश्नर के कार्यालय से इनपुट प्राप्त हुआ कि सरकार किस तरह से डेटा एकत्र कर सकती है जो हमारे द्वारा सेवा किए जाने वाले समुदायों की जरूरतों के प्रति संवेदनशील है।

चुनिन्दा परामर्श

सिंह ने सहभागिता और सहयोग के अवसरों पर चर्चा करने के लिए, फर्स्ट नेशंस लीडरशिप काउंसिल, मॉडर्न ट्रीटी एलायंस के आठ सदस्यों, मेटी नेशन बीसी, और बीसी एसोसिएशन फॉर एबोरिजिनल फ्रेंडशिप सेंटर्स को उनके साथ मिलने के लिए आमंत्रित किया।

सहभागिता वेबसाइट लॉन्च

नस्लवाद विरोधी पहल सहभागिता वेबसाइट शुरू की गई थी जहां व्यक्ति अपडेट प्राप्त करने के लिए साइन अप कर सकते हैं।

सामुदायिक बैठकें

अप्रैल और मई 2021 में, सिंह ने 10 प्रमुख भागीदारों और संगठनों के साथ मुलाकात की, जो इंडिजिनस नेतृत्व का प्रतिनिधित्व करते हैं, साथ ही साथ अश्वेत और अन्य नस्लीय समुदाय के सदस्यों के नेतृत्व में सलाहकार समितियों और संगठनों से मिले, जो पूरे प्रांत में नस्लवाद विरोधी पहल का समर्थन करने के लिए रेजिलिएंस बीसी एंटी-रेसिज्म नेटवर्क और अन्य क्षेत्रों के माध्यम से सरकार के साथ काम करते हैं। हमने जो सुना रिपोर्ट पढ़ें।

नस्लवाद विरोधी डेटा कानून सार्वजनिक सहभागिता

हमारे हितधारकों और इंडिजिनस नेताओं की सलाह के आधार पर, प्रांत ने नस्लवाद विरोधी डेटा कानून पर व्यापक सार्वजनिक सहभागिता शुरू की है।

सामुदायिक अनुदान जानकारी

सहभागिता प्रक्रिया कैसे काम करती है

प्रांत नस्लवाद विरोधी डेटा कानून के विकास पर विविध जातीय और नस्लीय समुदायों से इनपुट मांग रहा है।

अपने सदस्यों के साथ बातचीत की मेजबानी करने के इच्छुक समुदायों का समर्थन करने के लिए, एक सहयोगी प्रक्रिया में परामर्श आयोजित करने के लिए समुदायों को सहभागिता टीम के साथ काम करने के लिए $50,000 तक का वित्त पोषण उपलब्ध कराया गया है।

आवेदन 30 सितंबर, 2021 तक या पूरी तरह से धनराशि आवंटित होने तक, जो भी पहले हो, तक चलेंगे।

सामुदायिक भागीदार और संगठन इस पृष्ठ के माध्यम से वित्त पोषण के लिए आवेदन कर सकते हैं, और सफल होने पर प्रांत के साथ साझेदारी में सामुदायिक सहभागिता सत्र आयोजित करने के लिए धन प्रदान किया जाएगा। सफल आवेदक अपने समुदायों के साथ सहभागिता की गतिविधियों को तैयार करने, निष्पादित करने और रिपोर्ट करने के लिए एक एंगेजमेंट स्पैशलिस्ट के साथ काम करेंगे।

वित्त पोषण

जातीय सांस्कृतिक और नस्लीय समुदाय संगठनों को उनके समुदायों में सहभागिता सत्र आयोजित करने के लिए $50,000 तक का अनुदान उपलब्ध कराया गया है। फंडिंग एक स्लाइडिंग स्केल पर उपलब्ध है, और एक रोलिंग

इंटेक प्रक्रिया पर वितरित की जाएगी, जिसमें आवेदन आने पर मूल्यांकन किया जाएगा। आवेदन केवल अंग्रेजी में उपलब्ध है।

यहां अप्लाई करें

आवेदन आवश्यकताएँ

यह सुनिश्चित करने के लिए कि क्या आप पात्र हैं और आवेदन करने से पहले मानदंडों को पूरी तरह से पूरा करते हैं, कृपया फ़ॉर्म और चेकलिस्ट देखें।

रिपोर्टिंग आवश्यकताएं

आपको इस बारे में एक रिपोर्ट सबमिट करने के लिए सहभागिता लीड के साथ काम करने की आवश्यकता होगी कि आपने निधियों का उपयोग कैसे किया और सहभागिता प्रक्रिया के परिणाम क्या हैं।

इसमें शामिल होंगे:

- प्रतिभागियों की संख्या, उनकी सामान्य भौगोलिक स्थिति, साथ ही अन्य प्रासंगिक जनसांख्यिकीय डेटा पर विवरण।
- समग्र सहभागिता प्रक्रिया का एक उच्च-स्तरीय सारांश
- सहभागिता सत्र के दौरान प्रदान किए गए प्रश्नों के उत्तर प्रदान करें (या सत्रों के दौरान, यदि एकाधिक की मेज़बानी कर रहे हैं)।
- यदि प्रस्तावित बजट में परिवर्तन हुए थे, तो इन परिवर्तनों के बारे में 2-4 बुलेट पॉइंट प्रदान करें

अनुदान का उपयोग कैसे करें

योग्य अनुदान खर्चे

योग्य खर्चे सहभागिता सत्र आयोजित करने के लिए आवश्यक सीधी लागतें होनी अनिवार्य है। अनुदान प्राप्तकर्ता निम्नलिखित श्रेणियों में से एक या अधिक में धन खर्च कर सकते हैं:

- कार्यक्रम या वर्कशॉप सामग्री, जैसे:
  - पैन, कागज और अन्य उपकरण
- फ़ीसें, जैसे:
  - प्रोजेक्ट कोऑर्डिनेटर की फीसें
  - सुविधाकर्ताओं की फीसें
  - वर्कशॉप की फीसें
- खाद्य और पेय पदार्थ, जैसे:
  - प्रतिभागियों और वॉलंटियरों के लिए खाद्य और गैर-मादक पेय
- मानदेय (Honorariums), फीसें और कॉन्ट्रैक्ट समझौते, जैसे:
  - इंडिजिनस या अन्य सांस्कृतिक बुजुर्ग
  - समन्वयक, वक्ता और सांस्कृतिक कार्यकर्ता
  - तकनीशियन
  - **नोट:** हितों के टकराव को पहले से ही पहचानने की जरूरत है

- मार्किटिंग और संचार, जैसे:
    - समाचार पत्र विज्ञापन
    - ग्राफिक डिजाइन फीसें
- उपकरण किराए पर लेना, जैसे:
    - लाइटिंग, साउंड और ऑडियो-विजुअल
    - खेल उपकरण
- COVID-19 प्रोटोकॉल संबंधी लागतें, जैसे:
    - व्यक्तिगत सुरक्षा उपकरण
    - ऑनलाइन होस्टिंग फीसें
    - डिजिटल सामग्री का निर्माण
    - वर्चुअल टेक्नोलॉजी आवश्यकताएँ
    - कार्यक्रम की डिलीवरी के समय COVID-19 प्रोटोकॉल के कारण होने वाली अन्य संबंधित लागत
- परिवहन लागत जहां परिवहन भागीदारी के लिए एक बाधा है
- स्थान का किराया
- वॉलंटियरों के खर्च

अयोग्य अनुदान खर्चे

निम्नलिखित श्रेणियों में से एक या अधिक में खर्चों को कवर करने के लिए अनुदान राशि की मांग करने वाले आवेदनों पर विचार नहीं किया जाएगा:

- वेतन और शुल्क जो सीधे परियोजना को डिलिवर करने से संबंधित नहीं हैं
- पूंजी परियोजनाएं
- प्रमुख उपकरणों की खरीद
- शराब

- आवर्ती व्यावसायिक खर्चे, जैसे:
    - कार्यालय स्थान का किराया
    - युटिलटी, टेलीफोन और अन्य आवर्ती खर्चे